# सीएम ने यूपीआइटीएस के साझेदार देशों को दिया प्रदेश में निवेश का न्योता

### उद्यमियों व कारीगरों को बाजार से जोड़ रहा : भूपेंद्र

जासं, ग्रेटर नोएडा : एमएसएमई मंत्री भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि यूपीआइटीएस प्रदेश के उद्यमियों, कारीगरों व हस्तशिल्पियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने का सशक्त मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसका चौथा संस्करण पहले से अधिक व्यापक रूप में आयोजित हो रहा है। आयोजन में रक्षा, कृषि, उद्योग, ई-कामर्स, आइटी, शिक्षा, चिकित्सा, बैंकिंग, डेरी, हैंडलूम, टेक्सटाइल व जीआइ उत्पादों समेत विभिन्न क्षेत्रों के स्टाल हैं।


### चार साल में 90 देशों तक पहुंचा यूपीआइटीएस

जासं, ग्रेटर नोएडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 2023 में शुरू हुआ यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) चार साल में ग्लोबल ब्रांड बन गया है। पहला संस्करण 60 देशों तक सीमित था, चौथा संस्करण 90 देशों तक पहुंच गया है। इस बार इंडिया एक्सपो मार्ट में 2400 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा डेढ़ लाख से ज्यादा बीटूबी विजिटर्स के आने की उम्मीद है।

## मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, फार्मा, मेडिकल डिवाइस, कृषि, मशीनरी व वुड टेक्नोलाजी में निवेश का न्योता

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रेड शो के पहले दिन साझेदार देशों के प्रतिनिधियों संग राउंड टेबल बैठक कर प्रदेश में निवेश का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य संग बड़ा उपभोक्ता बाजार, युवा मानव संसाधन, उर्वरा भूमि व पर्याप्त जल संसाधनों से भरपूर है। उन्होंने साझेदार देशों को मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, फार्मा, मेडिकल डिवाइस, कृषि, मशीनरी व वुड टेक्नोलाजी में निवेश का न्योता दिया। रूस, जापान, सिंगापुर, वियतनाम, बेलारूस व आस्ट्रिया के प्रतिनिधियों से औद्योगिक क्षमता, निवेश के अवसर व विभिन्न सेक्टरों में उपलब्ध संभावनाओं को साझा किया।

**रूस को डिफेंस, फार्मा व मेडिकल डिवाइस सेक्टर में निवेश का न्योता :** रूसी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने रूसी संघ के बिजनेस कमिश्नर से कहा कि दोनों देशों में आर्थिक सहयोग और मजबूत करने की दिशा में काम हो सकता है। भारत का डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कारिडोर स्थापित हो रहा है। रूस की कंपनियां प्रदेश में अपनी इकाइयां स्थापित कर रही हैं। लखनऊ नोड में ब्रह्मोस की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित है। रूस की एके-203 राइफल निर्माण भी प्रदेश में हो रहा है। कानपुर में भी रूसी डिफेंस कंपनियों को इकाइयां स्थापित करने को आमंत्रित किया। फार्मा व मेडिकल डिवाइस सेक्टर के लिए भी रूस को निवेश का न्योता दे कहा कि नोएडा एयरपोर्ट के पास मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित हो रहा है। बुंदेलखंड क्षेत्र में भी फार्मा पार्क विकसित हो रहा है। ललितपुर में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क में भी रूस की कंपनियां रिसर्च एंड डेवलपमेंट क्षेत्र में निवेश कर सकती हैं। कृषि व फर्टिलाइजर की सप्लाई चेन भी अहम निवेश क्षेत्र हो सकता है।



इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह में मंच पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौरभ राय

## स्पीडो रडार गन से 1.2 किमी की दूरी से एक सेकंड में कटेगा चालान

गजेंद्र पांडेय ● जागरण

**ग्रेटर नोएडा :** यातायात नियमों को ताक पर रखकर तेज रफ्तार से लोगों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालक अब यातायात पुलिस की कार्रवाई से नहीं बचेंगे। स्पीडो रडार गन 1.2 किमी की दूरी से 300 किमी प्रतिघंटा तक की रफ्तार पकड़कर महज एक सेकंड में चालान काट देगी। अब तक इस्तेमाल हो रहे कैमरे 200 किमी प्रतिघंटा तक की स्पीड ही पकड़ पाते थे। जल्द ही यातायात कर्मियों को इस गन से लैस कर यातायात नियम तोड़ने वालों पर नकेल कसने की तैयारी है। इस उपकरण को ट्रेड शो में गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस के स्टाल पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

अभी तक यातायात पुलिस को मोबाइल फोन से फोटो खींचकर एप से चालान काटने में दो से तीन मिनट लगते हैं। कई बार तेज रफ्तार वाहन काफी दूर निकल जाता है। इससे लोकेशन बदलने पर चालक गलत चालान का आरोप लगाते हैं। यह उपकरण 1.2 किमी दूर से भी 300 किमी प्रतिघंटा तक की स्पीड पकड़ेगा।

### यूपी के उद्यमियों पर दुनिया को भरोसा : योगी

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ट्रेड शो वैश्विक मंच उपलब्ध करा रहा है। आज यूपी दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के उत्पाद का निर्यात कर रहा है। भदोही का कालीन, मुरादाबाद का पीतल, कन्नौज का इत्र और वाराणसी की सिल्क साड़ियां बड़े कारोबारी ब्रांड बन चुके हैं। प्रदेश में एमएसएमई के 79 उत्पादों को जीआइ टैग मिल चुका है, 75 नए उत्पादों के लिए आवेदन किया गया है। कहा कि पार्टनर देशों के विशेष पवेलियन रणनीतिक साझेदारी, तकनीक हस्तांतरण और संयुक्त उद्यम के नए अवसर देंगे। अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। यहां के उद्यमियों की विश्वसनीयता पर पूरी दुनिया को भरोसा है। ट्रेड शो परंपरा, तकनीक, विरासत, नवाचार, हुनर और मार्केट को एक मंच पर ला रहा है।

## वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन से स्थानीय व्यंजन लोकल से बन रहे ग्लोबल

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो में शुक्रवार को पहुंचे लोग प्रदेश में स्वाद का खजाना देख रोमांचित हो गए। पहली बार वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन योजना के तहत लगे 75 जिलों के बेहतरीन व्यंजन लेकर पहुंचे व्यापारी भी आगंतुकों से मिली प्रतिक्रिया को लेकर उत्साहित दिखे।

**रेवड़ी-गजक बनी देशी विदेशी मेहमानों की पसंद :** मेरठ के स्टाल पर रेवड़ी और गजक की खुशबू ने देशी विदेशी मेहमानों को अपनी ओर खींचा।

**स्वाद में खास है बाराबंकी की चंद्रकला :** बाराबंकी की चंद्रकला मावे, सूखे मेवे और चाशनी में डूब चंद्रकला का स्वाद मुंह में घुलते ही हर किसी को अपना मुरीद बना लेता है। प्रदेश सरकार के वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन (ओडीओसी) में शामिल है।



सोहन पापड़ी के डिब्बे के साथ नारायण मिष्ठान भंडार के एमडी क्षितिज ●



ट्रेड शो में संदीप व उनके साथी चंद्रकला के स्टाल पर बिक्री करते हुए ● जागरण

### पांचवी पीढ़ी में पहुंची 150 साल पुरानी मिठास

मैनपुरी में 1870 से संचालित नारायण मिष्ठान भंडार की मिठास डेढ़ सौ साल बाद भी बरकरार है। अंग्रेजी शासनकाल में शुरू हुई छोटी सी दुकान की विरासत को पांचवी पीढ़ी संभाल रही है। खास तौर पर सोहन पापड़ी की मांग कई राज्यों में है। आज भी मिठाइयां पारंपरिक तरीके और शुद्धता के साथ बनाई जाती हैं, यही वजह है कि इसका स्वाद पीढ़ी दर पीढ़ी बरकरार है।